JSUNIL TUTORIAL
A CBSE Coaching for Mathematics and Science

41AMDV7

# संकलित परीक्षा -I(2016-17)
# SUMMATIVE ASSESSMENT – I (2016-17)
## सामाजिक विज्ञान/SOCIAL SCIENCE
## कक्षा – X/ Class – X

निर्धारित समय : 3 घण्टे
Time allowed : 3 hours

अधिकतम अंक : 90
Maximum Marks : 90

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस प्रश्न पत्र में कुल 30 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।
(ii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे हुए हैं।
(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 8 तक के एक-एक अंक के प्रश्न हैं। इनके उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दें।
(iv) प्रश्न क्रमांक 9 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 29 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
(vi) प्रश्न क्रमांक 30, भूगोल से मानचित्र सम्बन्धी, 3 अंक का प्रश्न है। उत्तर लिखने के बाद मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका के अन्दर रखकर बांध दीजिए।

**General Instructions :**

(i) The question paper has 30 questions in all. All questions are compulsory.
(ii) Marks are indicated against each question.
(iii) Questions from serial number 1 to 8 are very short answer type questions. Each question carries one mark.
(iv) Questions from serial number 9 to 21 are 3 marks questions. Answer of these questions should not exceed 80 words each.
(v) Questions from serial number 22 to 29 are 5 marks questions. Answer of these questions should not exceed 120 words each.
(vi) Question number 30 is map question of 3 marks from Geography. After completion, attach the map inside your answer book.

1a महामंदी के दौरान प्रकाशकों ने बाजार को कैसे अपने अनुकूल बनाए रखा? किन्हीं एक उपाय को लिखिए।
How did publishers sustain market during the Great Depression ? Give one measure.

अथवा / OR



Downloaded from : http://jsuniltutorial.weebly.com/ 

1b उन्नीसवीं सदी के किन्हीं दो अंग्रेजी उपन्यासकारों के नाम लिखिए जिन्होंने अपने उपन्यासों में औद्योगीकरण के दौर में शहरी जीवन की दुर्दशा का चित्रण किया था। 1

Name any two nineteenth century English novelists who focused on the terrible condition of the urban life during the period of industrialization in their novels.

2 भारत में चावल का प्रमुख उत्पादक राज्य कौनसा है?

Which is the major rice producing state in India ?

3 प्रवसन के एक प्रभाव का उल्लेख कीजिए।

Mention one impact of migration.

4 भारत की स्थानीय संस्थाओं में कितनी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं?

How many seats are Reserved for women in the local bodies in India ?

5 बहुसंख्यकवाद क्या है?

What is Majoritarianism ?

6 धारणीय विकास आवश्यक क्यों है? एक कारण दीजिए।

Why is sustainable development essential ? Give one reason.

7 किस क्षेत्र का उत्पादन 11 गुणा बढ़ा है?

Which sector has grown by 11 times in recent years?

8 भारतीय अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्रक में वृद्धि के लिए उत्तरदायी एक कारक को लिखिए।

State a factor responsible for the growth of service sector in the Indian economy.

9a 'कॉर्न लॉ' क्या था? इसको किस प्रकार समाप्त किया गया?

What was 'Corn Law'? How was it abolished ?

अथवा/OR

9b भारत में प्रथम सूती मिल की स्थापना कहाँ हुई थी? भारत के विकास के प्रति द्वारकानाथ टैगोर के विचारों लिखिए।

Where was the first cotton mill set up in India ? Write the views of Dwarkanath Tag towards development of India

Page 2 of 7

JSUNIL TUTORIAL

अथवा / OR

9c लंदन भूमिगत रेलवे के प्रभावों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। 3
Critically examine the impacts of London Underground Railway.

10a अमेरीका पर विजय हासिल करने में स्पेनिश विजेताओं का सबसे शक्तिशाली हथियार क्या था? इसने किस प्रकार उनकी विजय का मार्ग प्रशस्त किया? 3
What was the most powerful weapon of the Spanish conquerors of America ? How did it pave the way for their conquest ?

अथवा / OR

10b 'गोमाश्ता' कौन थे? वे किस प्रकार ब्रिटिश प्रबन्ध व्यवस्था के अच्छे साझेदार बन गए? 3
Who were 'gomasthas ?' How did they become good partners of the British management system ?

अथवा / OR

10c दुर्गाचरण राय द्वारा लिखे गए उपन्यास में आधुनिक शहर कलकत्ता की वर्णित किन तीन विशेषताओं ने देवताओं को विस्मित किया? स्पष्ट कीजिए। 3
Which three features of the big modern city of Calcutta fascinated the Gods as described in the novel written by Durgacharan Roy ? Explain.

11a सत्रहवीं सदी के अंत में मुद्रित पुस्तकों की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 3
Mention any three characteristic features of the printed books in the late $17^{th}$ century.

अथवा / OR

11b परीक्षा-गुरू उपन्यास ने किस प्रकार आधुनिक शिक्षा एवं पारंपरिक मूल्यों जैसे दो अलग संसारों के बीच की दूरी पाटने की कोशिश की? 3
How did the novel Pariksha-Guru bridge the two different worlds of modern education and traditional ethics ?

12a "उन्नीसवीं सदी के आखिर से प्राथमिक शिक्षा के अनिवार्य होने के चलते बच्चे, पाठकों की एक अहम श्रेणी बन गए।" कथन की व्याख्या कीजिए। 3



Downloaded from : http://jsuniltutorial.weebly.com/ 

"As primary education became compulsory from the late nineteenth century, children became an important category of readers." Explain the statement.

अथवा / OR

12b 'परीक्षा गुरु' नामक उपन्यास में चित्रित, नये मध्य वर्ग की व्याख्या कीजिए। 3
Explain the picture of the new middle class which the novel 'Pariksha Guru' portrays.

13 प्राकृतिक संसाधनों के अन्धाधुन्ध प्रयोग के कारण पैदा हुई तीन मुख्य समस्याओं का परीक्षण कीजिए। 3
Examine the three major problems created as a result of indiscrimate utilization of natural resources.

14 भारत में वनों के विनाश को बढ़ावा देने में बड़े पैमाने की विकास परियोजनाओं की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए। 3
Evaluate the role of large scale development projects in accelerating the loss of forests in India.

15 छत वर्षाजल संग्रहण की तकनीक का वर्णन कीजिए। 3
Describe the rooftop rainwater harvesting technique.

16 धर्म किस प्रकार हमारी राजनीतिक व्यवस्था को प्रभावित करता है ? स्पष्ट कीजिए। 3
How does religion influence the political set up in our country ? Explain.

17 सामाजिक अंतर कब और किस प्रकार सामाजिक विभाजन की ओर ले जाते हैं ? वह परिस्थितियां कौन सी हैं जब उन में सामंजस्य स्थापित करना सरल हो जाता है ? 3
When and how do social differences lead to social divisions ? What are the social circumstances when it becomes easier to accomodate them ?

(18) "सत्ता की साझेदारी लोकतन्त्र की भावना के अनुरूप है" इस कथन की तीन उपयुक्त तर्कों से पुष्टि कीजिए। 3
"Power Sharing is the very spirit of democracy". Justify this statement with three suitable arguments.

19 किसी देश की कुल आय और प्रति व्यक्ति आय में अन्तर कीजिए। हम प्रति व्यक्ति आय के आधार पर देशों को कैसे वर्गीकृत करते हैं ? 3
Differentiate between the total income of a country and its per capita income. How do we classify the countries on the basis of per capita income ?

20 शहरी क्षेत्रों में असंगठित क्षेत्रक में क्या-क्या शामिल होता है ? इस क्षेत्रक में कामगार सुरक्षा क्यों चाहते हैं ? 3
What constitutes the unorganised sector in urban areas ? Why do workers in this sector need protection ?



Downloaded from : http://jsuniltutorial.weebly.com/ 

21 "मुद्रा से सारी वस्तुएँ और सेवाएं नहीं खरीद सकती, जिनकी बेहतर जीवन के लिए आवश्यकता होती है"। क्या आप इस कथन से सहमत हैं। तीन उपयुक्त तर्क देकर अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। 3

"Money cannot buy all the goods and services that one needs to live well" Do you agree with this statement ? Justify your answer with any three suitable arguments.

22a "व्यापार अधिशेष" की व्याख्या कीजिए। भारत के साथ 'व्यापार अधिशेष' से प्राप्त कमाई को ब्रिटेन ने कैसे प्रयोग किया? 5

Explain the term 'trade surplus'. How was the income received from trade surplus with India used by Britain?

अथवा / OR

22b विक्टोरिया कालीन ब्रिटेन में कई उद्योगों में श्रमिकों के लिए माँग ऋतुवत (मौसमी) थी, उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 5

Explain with examples the demand for labourers was seasonal in many industries in Victorian Britain.

अथवा / OR

22c बंबई की भूमि विकास नीति का वर्णन कीजिए।

Describe the land reclamation Policy of Bombay. 5

23a अठारहवीं सदी में यूरोप में किस प्रकार पढ़ने का जुनून पैदा हो गया? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

How did reading become a mania in Europe in the eighteenth century ? Explain with examples. 5

अथवा / OR

23b उपन्यासों ने किस प्रकार का मनोरंजन उपलब्ध कराया? वर्णन कीजिए।

What kind of entertainment did novels provide ? Describe.

24 कौनसी फसल 'सुनहरा रेशा' के नाम से जानी जाती है ? इसकी कृषि के लिए आवश्यक किन्हीं दो भौगोलिक दशाओं की व्याख्या कीजिए। इसके किन्हीं चार उपयोगों का भी उल्लेख कीजिए।

Which crop is known as the 'golden fibre' ? Explain any two geographical conditions essential for the cultivation of this crop. Mention its any four uses.



Downloaded from : http://jsuniltutorial.weebly.com/ 

1

25 भारत में वनों के ह्रास के लिए उत्तरदाई किन्हीं पाँच कारणों की व्याख्या कीजिए। 5
Explain any five causes accountable for the depletion of forests in India.

(26) विधायी शक्तियों को संघीय सरकार और राज्य सरकारों के बीच किस प्रकार विभाजित किया गया है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 5
How are legislative powers divided between Union Government and State Governments ? Explain with examples.

(27) भारत की राजनीति में सांप्रदायिकता की अभिव्यक्ति किस प्रकार की जा रही है। स्पष्ट कीजिए। 5
How is communalism being expressed in the politics of India ? Explain.

(28) विभिन्न देशों अथवा राज्यों के आर्थिक विकास की तुलना के किन्हीं पांच आधारों की व्याख्या कीजिए। 5
Explain any five basis of comparison of economic development of different countries or states.

(29) स्पष्ट कीजिए कि भूमंडलीय अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्रक क्यों अधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है? 5
Explain why service sector is gaining more importance in the global economy.

30 (a) दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र में A पर एक लक्षण चिह्नित किया गया है। नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर इस लक्षण की पहचान कर मानचित्र में ही चिह्नित रेखा पर उसका नाम लिखिए : 3

(A) मृदा का प्रकार

(b) उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाईये एवं उनके नाम लिखिए :

(B) राना प्रताप सागर (C) एक प्रमुख जूट उत्पादक राज्य

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए हैं :**

(30.1) राजस्थान में किस प्रकार की मृदा पाई जाती है?

(30.2) राना प्रताप सागर किस राज्य में स्थित है?

(30.3) भारत के किसी एक प्रमुख जूट उत्पादक राज्य का नाम बताइए।

(a) One item A is shown in the given political outline map of India. Identify this item with the help of following information and write its correct name on the line marked on the map.

(A) Type of soil

(b) On the same political outline map of India, locate and label the following items with appropriate symbols

(B) Rana Pratap Sagar Dam

(C) A major jute producing state

**Note : The following questions are for the visually impaired Candidates only.**

(30.1) What type of soil is found Rajasthan?

(30.2) In which state is Rana Pratap Sagar Dam located ?



Downloaded from : http://jsuniltutorial.weebly.com/ 